तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि-

# कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार, 9 मार्च 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



14 जैसाकर्रा उपसरपंच पद पर महेंद्र की जीत विरोधी...





14 अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं की...




## खबर संक्षेप

### सुरेवाही के जंगल में युवक का मिला शव

**कांकेर।** सिकसोड़ थानांतर्गत सुरेवाही के जंगल में ग्रामीण 34 वर्षीय नोहर नेताम ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सुरेवाही निवासी 25 वर्षीय शिवनाथ नेताम ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 26 जनवरी से 6 मार्च के बीच सुरेवाही के सागौन जंगल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### अस्पताल पहुंचने से पहले युवक की मौत

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत खसगांव निवासी 38 वर्षीय नरसिंह कावड़े का अज्ञात कारणो के चलते 6 मार्च की रात 11 बजें मौत हो गया। खसगांव निवासी रंजीता कावड़े ने पुलिस को बताया कि मृतक का तबियत रात को अचानक खराब हो गया। ईलाज के लिए अंतागढ़ के अस्पताल में ले गए, वहां उपस्थित चिकित्सको ने उसकी मौत होने की पुष्टि किया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### शराब पीते पकड़ाया युवक, हुई कार्रवाई

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 33 उदयपुर निवासी 38 वर्षीय सुकदेव मजुमदार पीव्ही 116 मैदान के पास सार्वजनिक स्थान पर 6 मार्च की शेष पेज 12 पर

## सियासत : भाजपा संगठन ने जांच के बाद कार्रवाई करने की कही बात

# कांकेर पालिका उपाध्यक्ष चुनाव में क्रास वोटिंग पर मचा बवाल एवं जारी है चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- कांग्रेस संगठन से संपर्क नहीं हो पाने से नहीं मिला वक्तव्य
- 0 भाजपा के 4 और कांग्रेस के 2 पार्षदों ने क्रास वोटिंग की

नगरपालिका कांकेर के उपाध्यक्ष का पद जरूर भाजपा के खाते में चला गया, परंतु क्रास करने का जो बवाल मचा, उससे भाजपा संगठन की नींद उड़ गई। भाजपा संगठन के लिए यह बड़ी चुनौती होगी कि पता लगाए कि किस किस पार्षद ने क्रास वोटिंग किया है। यह भी हल्ला है कि भाजपा के 04 और कांग्रेस के 02 पार्षदों ने क्रास वोटिंग किया है, इसमें कितनी सत्यता है, यह जांच के बाद पता चलेगा। इस बवाल का खुलासा भाजपा और कांग्रेस संगठन कर पाती है, यह मामला यही शांत हो जाता है, आने वाला समय ही बताएगा।

जानकारी के अनुसार 7 मार्च को नगर पालिका उपाध्यक्ष के लिए मतदान हुआ और किस्मत के धनी लाटरी में भाजपा के उत्तम यादव उपाध्यक्ष भी बन गए। भाजपा के पास अध्यक्ष सहित 12 और कांग्रेस के पास 10 पार्षद थे। उपाध्यक्ष के लिए अध्यक्ष सहित 21 पार्षद को मत डालना था। मतदान के उपरांत जो आंकड़ा आया, उसमें भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी को 10-10 वोट मिले और 2 वोट इसलिए रिजेक्ट हो गए कि उन दो मतदान करने वालों ने दोनो प्रत्याशियों को वोट दे दिया था। इसके बाद पहले यह हल्ला मचा कि रिजेक्ट होने वाले वोट भाजपा के पार्षद हो सकते है, दिनभर यह विषय चर्चा का रहा, कई लोग सोशल मीडिया में उन दोनो नाम का खुलासा भी करते हुए नजर आएं । उसके उपरांत शनिवार की सुबह से कांकेर शहर में हर सार्वजनिक स्थल पर यह चर्चा रही कि भाजपा के चार और कांग्रेस के दो पार्षदों ने क्रास वोट किया है।





भाजपा के दो पार्षद के वोट रिजेक्ट हो गए वहीं कांग्रेस के दो वोट भाजपा प्रत्याशी को और भाजपा के दो वोट कांग्रेस प्रत्याशी को मिले, इसके चलते आंकड़ा बराबर का हो गया। इस चर्चा में कितना दम है और कितनी सत्यता है, यह दोनो पार्टी के संगठन जाँच करके कार्यवाही करेंगे, तभी खुलासा हो पाएगा, अन्यथा यह राज आने वाले समय में दफन हो जाएगा।

### पार्टी विरोधी काम करने वालों पर होगी कार्रवाई

भाजपा के जिलाध्यक्ष महेश जैन से क्रास वोटिंग को लेकर मचे हो हल्ला पर हरिभूमि ने हकीकत को जानने के लिए संपर्क किया, उनका कहना था कि लोगों में क्या चर्चा है, इसकी जानकारी मुझे नहीं है। क्रास वोटिंग का विषय आया है। पार्टी विरोधी काम जिस पार्षद ने किया है, उसकी पतासाजी जारी है। क्रास वोटिंग करने वाले पार्षद की पुष्टि हो जाने पर उस पार्षद के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष से नहीं हो पाया संपर्क

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुभद्रा सलाम से क्रास वोटिंग को लेकर उनके मोबाईल नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, परंतु संपर्क नहीं हो पाया। कांग्रेस को जिस तरह से हार मिली है, उससे कांग्रेस संगठन इस मामले पर कोई निर्णय लें, ऐसी संभावनाएं भी नहीं दिख रही है। कांग्रेस की कांकेर में विधानसभा, लोकसभा, नगरीय निकाय, जिला पंचायत और जनपद पंचायत में जो हार मिली है, उसके बाद से इस विषय पर कोई बात भी करने को तैयार नहीं है।

## महिला से घर में घुसकर छेड़खानी एवं मारपीट, आरोपी जेल दाखिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर में आरोपी युवक एक महिला के घर में जबरदस्ती घुसकर छेड़खानी और मारपीट करने लगा। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपी को दबोचा और न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। पीड़िता ने भानुप्रतापपुर थाना पहुँचकर पुलिस को जानकारी दिया कि मैं किराए के मकान में रहती हूँ और 7 मार्च को दोपहर को 3 बजे आरोपी विश्वजीत प्रार्थिया के घर जाकर प्रार्थिया के गला दबाकर जबरदस्ती करने की कोशिश कर हाथ थप्पड़ से प्रार्थियां को मारपीट किया। भानुप्रतापपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 74,115(2), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलेसिला के निर्देशन, एडीशनल एसपी आईपीएस संदीप पटेल के मार्गदर्शन, एसडीओपी शेर बहादुर सिंह ठाकुर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख द्वारा टीम गठित कर आरोपी की तलाश शुरू किया गया। आरोपी को उसके निवास इंद्रा कॉलोनी चिकलाकसा थाना दल्लीराजहरा जिला बालोद में दबोचा गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जिसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

कार्यवाही करने वाली टीम में महिला प्रधान आरक्षक सुमित्रा मांडवी, आरक्षक रामचंद्र कश्यप, आरक्षक रामदास कुंजाम, आरक्षक प्रणय यादव शामिलि रहे। उक्त टीम ने आरोपी को अपराध दर्ज होने के 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एकलव्य में मनाया गया



**दुर्गूकोंदल।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 8 मार्च को संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में सावित्री बघेल के मुख्य आतिथ्य में महिला सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मंचासीन शिक्षिका रेशमी, पूनम वाधवानी, प्रियंका यादव, मधु ध्रुव, भुनेश्वरी, मीनू रानी, रितू देवी, दीप्ति, मधु श्री ठाकुर, शिखा झा, चिकित्सा प्रभारी अनीता साहू तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारी राधिका, संध्या, शिवबती, बृजबती, कुमारो, यामिनी, संजू आदि के साथ-साथ छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्राचार्य बैजनाथ नरेटी ने राष्ट्र की उन्नति के लिए महिलाओं के योगदान को अनिवार्य बताया।

## धनेलीकन्हार उपसरपंच पद पर वेद निर्विरोध निर्वाचित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

विकासखण्ड कांकेर के ग्राम पंचायत धनेलीकन्हार में उपसरपंच का चुनाव धनेलीकन्हार के पंचायत भवन में आयोजित किया गया। इस चुनाव में सरपंच के साथ सभी 13 पंचों ने भाग लिया। चुनाव के सफल संचालन के लिए निर्वाचन आयोग ने पीठासीन अधिकारी कुशाल सिंह गजभिए को नियुक्त किया था, जिसमें पंचायत भवन के बंद कमरे में उपसरपंच पद के निर्वाचन को सम्पन्न कराया। धनेलीकन्हार में उपसरपंच पद चुनाव के लिए ग्राम से केवल एक मात्र आवेदन वेद कुमार औरसा के द्वारा भरा गया एवं इस तरह वेद कुमार औरसा को निर्विरोध उपसरपंच की घोषणा की गई, जिसे ग्राम के लोकेश्वर सेन, धनराज बारला, विजय मंडावी, व्यास साहू ने तीलक लगाकर बधाई दी। इस निर्वाचन में ग्राम की सरपंच मधु विजय मंडावी, पंच हेमबती रावके, राधिका पुसरिया, मुकेश लेडिया, जितेंद्री नायक, मंतेश्वर बारला, त्रिवेणी सेन, राधिका लाटीया, बद्रीका पोटाई, श्रीराम नेताम, खगेश्वरी सुरेन्द्र, वेदबती सलाम और गजेन्द्र सिंह पोटाई ने भाग लिया। इस अवसर पर हिरोबाई यादव, देवन्तीन पोटाई, मनसा साहू, अवध साहू, बिसनाथ यादव, रमेश साहू, कृष्णा साहू व सुकाल फरदिया उपस्थित रहे।



## सिंगारभाट के उपसरपंच पद पर शिवभान सिंह की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर से लगे हुए ग्राम पंचायत सिंगारभाट में हुए उपसरपंच के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में शिवभान सिंह ठाकुर ने अपने निकटतम प्रतिद्वद्वी विजय देवनाथ को हराकर उपसरपंच के पद पर काबिज हुए। सिंगारभाट में कुल 11 वार्ड है और उपसरपंच के लिए मतदान हुआ तो 11 वार्ड के पंच सहित सरपंच ने भी मतदान किया। इस प्रकार उपसरपंच के चुनाव में शिवभान को 9 वोट और विजय देवनाथ को 3 वोट मिले एवं इस प्रकार 9 वोट से शिवभान सिंह ठाकुर विजय हुए। ज्ञातव्य हो कि जब सरपंच और वार्ड पंचों में चुनाव हुआ था, तब इसी ग्रुप के अधिकतम वार्ड पंच चुनाव जीत कर आए थे।,तभी से ऐसा लग रहा था कि इसी ग्रुप से उपसरपंच बनना तय है जो सही साबित हुआ। नवनिर्वाचित उपसरपंच लगातार चार बार ग्राम पंचायत सिंगारभाट के वार्ड क्रमांक 4 से पंच निर्वाचित हो चुके है।

उपसरपंच के चुनाव को निर्विघ्न सम्पन्न कराने के लिए पीठासीन अधिकारी उमेश डहरिया सहित ग्राम सचिव राजकुमार सलाम सहित अन्य कर्मचारियों का योगदान रहा। इस अवसर पर ग्राम के समस्त नागरिक जन परिणाम को लेके उत्सुक नजर आए।

## घायल की इलाज के दौरान हुई मौत

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत मेढ़की एटापल्ली निवासी 23 वर्षीय खिनूकुली कोवाची का ईलाज के दौरान सीएचसी गढ़चिरौली में 12 जून को मौत हो गया। अस्पताल की ओर से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। ईलाज के लिए अस्पताल में लाए थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

## आज महिला किसी क्षेत्र में पीछे नहीं : विधायक सावित्री

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर किया विधायक ने महिलाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



महिला एवं बाल विकास विभाग एवं राष्ट्रीय आजीविका मिशन जनपद पंचायत की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन 8 को सदभावना भवन में किया गया। आयोजन समिति को मुख्य अतिथि के द्वारा नगद 5000 रूपए प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि महिला किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है, वह सभी क्षेत्र में आगे आ रही हैं। पढ़ाई के क्षेत्र में या कार्यालय में सभी क्षेत्रों में महिला का अग्रिम स्थान है। सभी महिलाएं अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए आगे बढ़े। महिला एवं बाल विकास अधिकारी एवं कर्मचारियों के मांग पर विधायक ने महिला कर्मचारी बैठक भवन के लिए साढ़े 6 लाख रुपए देने की घोषणा किया। विशेष अतिथि देवलाल नरेटी ने भी कहा कि महिलाओं को आगे आने का मौका मिल रहा है और उनके द्वारा बेहतर प्रतिभा का प्रदर्शन कर जिले व प्रदेश में नाम रोशन कर रही है। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं को अतिथियों ने शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया।

आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधयों के अलावा महिला बाल विकास विभाग और जनपद पंचायत के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पाठक सूचना

कांकेर जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**7000955574, 9098324969**

## होटल में महिला से अभद्रता व स्टाफ से मारपीट, मामला दर्ज व विवेचना जारी



**कांकेर।** शहर के मांझापारा स्थित हाँटल में घुसकर हाँटल में काम करने वाली महिला कर्मचारी के साथ आरोपी ने अभ्रदता करते हुए हाँटल में उपस्थित अन्य स्टाप के साथ गाली देते हुए मारपीट करने लगा। मारपीट के शिकार हुए युवक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे धमतरी जिला के सिहावा थानांतर्गत ग्राम बेलर निवासी 21 वर्षीय अरूण कुमार यादव पिता स्व. जेठू राम यादव ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में हाँटल स्टेइन मांझापारा में रहकर वही पर काम करता हूं। हाँटल के काउन्टर मे ललिता कंप्यूटर में इंट्री करने का काम करती है और 8 मार्च को सुबह करीबन साढ़े 10 बजें कांकेर का रहने वाला सरदार खान हाँटल में आया और ललिता को शेष पेज 12 पर




## खबर संक्षेप

### दरबा में निर्विरोध उपसरपंच बने गुलशन



**जीजामगांव।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद पंचों के बीच उपसरपंच का चुनाव 8 मार्च को हुआ। ग्राम पंचायत दरबा में गुलशन साहू निर्विरोध उपसरपंच चुने गए। गुलशन के उपसरपंच चुने जाने पर रामेश्वरी बंजारे, दिनेश साहू, योगेश साहू, नूतन साहू, सोमप्रकाश साहू, रेखा सपहा, ज्योति वर्मा, सुमित्रा सपहा, पूर्णिमा साहू, पार्वती यादव, कमलेश साहू, खेमचंद साहू, कन्हैया रात्रे, कीर्तिबाई शाहिद ग्रामीणों ने हर्ष जाहिर किया है।

### सीए फाउंडेशन की परीक्षा पास कर केसरी ने बढ़ाया नगर का मान

**कुरुद।** कुरूद निवासी खेमलाल साहू तथा श्रीमती हेमकुमारी साहू की पुत्री केसरी साहू ने सीए फाउण्डेशन की परीक्षा उत्तीर्ण कर नगर को गौरवान्वित किया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, बड़ी बहन वेधा साहू एवं गुरूजनों को दिया। जैसे ही रिजल्ट आया परिवार में खुशी का माहौल छा गया।

पेज 11 के शेष...

### शराब पीते...

रात 9 बजें शराब का सेवन कर रहा था, जिसे पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए पकड़ा। आरोपी के खिलाफ धारा 36 (च) (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### होटल में महिला...

तुम हॉटल के काउंटर में बैठकर यहां पर धंधा करती है। हॉटल में कमरा बुक कराकर धंधा करवाती है, कहकर गाली देने लगा। मै और लेखराज साहू वही पर थे, हम लोगो ने सरदार खान को बोला कि तुम यह क्या बोल रहे हो? यहॉ पर कोई गलत काम नही होता और गाली देना बंद करो, बोलने पर आरोपी सरदार खान बोलने लगा कि तुम लोग बहुत होशियार बन रहे हो। आरोपी आवेश में आ गया और गाली देते हुए हाथ-मुक्का से मारपीट करने लगा, जिसे देखकर लेखराज साहू छुड़ाने के लिए आया तो सरदार खान उसके साथ भी मारपीट किया। मारपीट करने से मेरे दांए हाथ में और लेखराज को दांए हाथ में चोट आई है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

नगर पंचायत कुरुद में नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

# निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को सोच बड़ी रखकर अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए : चंद्राकर







- अध्यक्ष ज्योति ने अच्छे भाव व विचार के साथ नगर की तस्वीर बदलने का भरोसा जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को दृष्टिकोण और सोच बड़ा रखकर अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। जिन संस्थाओं के लिए हमें जनादेश मिला है, उसके प्रति सर्वसम्मत होकर विकास की दिशा में आगे बढ़ें। पैसों की चिंता छोड़ दे, अपने स्तर के काम मैं बिना मांगे शहर के विकास के लिए दूंगा। उक्त बातें पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक कुरुद अजय चंद्राकर ने नपं कुरुद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में कही।

शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नगर पंचायत परिसर कुरूद में नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि विधायक श्री चंद्राकर की मौजूदगी में एसडीएम नभसिंह कोसले ने पहले अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर को पद गोपनीयता और कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। तत्पश्चात तीन चरणों में 15 वार्डों के पार्षद उत्तम साहू, डुमेश साह, रजत चन्द्राकर, महेंद्र गायकवाड़, मिथिलेश बैस, सितेश सिन्हा, उर्वशी चंद्राकर, रविप्रकाश मानिकपुरी, कविता चन्द्राकर, अर्जुन ध्रुव, राजकुमारी ध्रुव, राखी तपन चन्द्राकर, देवव्रत साहू, मनीष साहू और मंजू प्रमोद साहू को शपथ दिलाई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद ने की। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, आशु चन्द्रवंशी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष निरंजन सिन्हा, शशि ठाकुर, कमलेश ठोकने, रविकांत चन्द्राकर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष भानु चन्द्राकर, मंडल अध्यक्ष कृष्णकान्त साहू, जिपं उपाध्यक्ष गौकरण साहू, जनपद अध्यक्ष द्वय गीतेश्वरी साहू, वीरेंद्र साहू, मालकराम साहू, तारिणी चन्द्राकर, आशीष शर्मा, मालकराम साहू, प्रमोद साहू, पंकज सिन्हा, कवि मीर अली मीर, झागेश्वर ध्रुव, लोकेश्वर सिन्हा, सुरेश अग्रवाल, सत्यप्रकाश सिन्हा, खिलेंद्र चंद्राकर, रवि चंद्राकर, प्रभात बैस, थानेश्वर साहू, विकास चंद्राकर, हरीश माहेश्वरी, सुरेश महावर, विजय केला, अय्यूब खान, प्रमोद शर्मा, थानेश्वर तारक, टिकेश साहू, अनूप यादव, तहसीलदार दुर्गा साहू, एसडीओपी रागिनी मिश्रा सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे। संचालन शिक्षक डीके साहू एवं आभार व्यक्त सीएमओ महेंद्रराज गुप्ता ने किया।

### 25 सालों में हमने कुरुद का स्वरूप बदला है, यह मैं नहीं पूरा हिंदुस्तान कह रहा : अजय

मुख्य अतिथि विधायक अजय चन्द्राकर ने कहा कि 25 सालों में हमने कुरुद का स्वरूप बदला है। यह मैं नहीं पूरा हिंदुस्तान कह रहा है। मुझे मेरा पद, दायित्व पता है। मैं उसके अनुरूप कार्य करता हूं। हम सबने भी उस पदों की जिम्मेदारियों को बखूबी से निभाया जिसके लिए हमें जनादेश मिला है। उन्होंने बजट 2025-26 में कुरुद के विकास को लेकर शामिल सभी कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि मेरे रहते आपको विकास कराने धन की चिंता करने की जरूरत नही है। उन्होंने शिक्षा, व्यवसाय के साथ कुरुद के मानव संसाधन को प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाने कुरूद के लिए एक नई औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना किये जाने की बात कही। साथ ही पिछले कार्यकाल में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का विधायक, सांसद के प्रति संवाद शून्यता पर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को दलीय राजनीति से ऊपर उठकर अपने शहर के लिए उदार एवं अच्छे विचार के साथ काम करने की अपेक्षा जताई।

### मोदी की गारंटी, विष्णुदेव के सुशासन व अजय के विकास रथ को घर-घर पहुंचायेंगे : ज्योति

नवनिर्वाचित अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हमें अजय चंद्राकर जैसा नेतृत्व व मार्गदर्शक मिला है। हमारी परिषद ने जिस संकल्प के साथ शपथ ली है उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे। मोदी जी की गारंटी और विष्णुदेव के सुशासन एवं अजय के विकास रथ को हर घर पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि हमे मिले जनादेश के प्रति प्रतिबद्धता बनाये रखने हमारी परिषद नशा मुक्त, साफ सुथरा नगर बनाये रखने संकल्पित रहेगी।अच्छे भाव व विचार के साथ नगर की तस्वीर बदलने का काम किया जायेगा। ज्योति ने कुरूद को सजाने, संवारने हेतु जनमानस से नागरिक जिम्मेदारी निभाने की अपेक्षा भी जताई। इससे पूर्व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद ने कहा कि विकास पुरूष अजय चंद्राकर की बदौलत कुरुद नगर सहित क्षेत्र विकासशील से विकसित कुरुद की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

# यादव ठेठवार समाज की समरसता यात्रा 22 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



यादव समाज द्वारा सामाजिक समरसता मध्यप्रदेश यात्रा को लेकर तैयारी की जा रही है। यात्रा में शामिल होने के लिए स्वजातीय जन पंजीयन करा रहे हैं। गुगलमीट के माध्यम से बैठक आयोजित कर मार्गदर्शन ले रहे हैं। रायपुर से यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जायेगा। यात्रा धमधाराज, खैरागढ़राज पांडादाह राज, लांजी राज, भेड़ाघाट, कनिया चिल्फीघाटी कवर्धा राज, कवर्धा, गंडई से होते हुए बेमेतरा पहुंचेगी। यहां यात्रा का समापन होगा।

पुष्कर यादव प्रदेश कोषाध्यक्ष, नरोत्तम यदु प्रदेश महासचिव ने बताया कि सामाजिक समरसता यात्रा का यह तीसरा वर्ष है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य सामाजिक गतिशीलता, भाईचारा, समाज में समभाव की भावना जागृत करना है। यात्रा के प्रभारी परमानंद यादव, हरीश यादव प्रदेश प्रभारी, समलिया यादव, अनुशासन प्रभारी रामसिंह यादव प्रदेश संरक्षक, बलराम यादव सलाहकार बनाए गए। यात्रा के संयोजक नरोत्तम यदु प्रदेश महासचिव, सहसंयोजक पुष्कर यादव प्रदेश कोषाध्यक्ष, बसंत यादव प्रदेश संगठन मंत्री, युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों एवं सामाजिकजनों के सहयोग से यात्रा आयोजित की जा रही है। यात्रा में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उड़ीसा से स्वजातीयजन शामिल हो रहे हैं। यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया जायेगा। सामाजिक सभा होगी।

# धमतरी संभाग के 200 लाइन कर्मियों का किया सम्मान



- पावर हाउस धमतरी में राष्ट्रीय लाइनमेन दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

4 मार्च को राष्ट्रीय लाइनमेन दिवस पर धमतरी संभाग में कार्यरत लाइनमेन, संविदा कर्मी एवं बाह्य स्त्रोत कर्मियों का सम्मान कार्यक्रम पावर हाउस धमतरी में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिलप्रसाद सोनी कार्यपालन अभियंता धमतरी संभाग ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्युत लाइन कार्य करते समय बरते जाने वाली सुरक्षा, सावधानियों के बारे में जानकारी राजेंद्र साहू कनिष्ठ अभियंता कुकरेल वि.के. द्वारा दी गई।

कार्यपालन अभियंता द्वारा धमतरी संभाग एवं टीएसजी उपसंभाग के कुल 200 लाइन कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र, बुके, श्रीफल एवं गमछा भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लाइन कर्मचारी विद्युत विभाग की रीढ़ है। इनके बिना बिजली के सुचारू एवं निरंतर प्रदाय होने की कल्पना नहीं की जा सकती। लाइन कर्मचारी अपनी जान को जोखिम में डालकर विद्युत उपभोक्ताओं को गर्मी बारिश, आंधी तूफान और किसी भी मौसम की परवाह किए बिना 24 घंटे विद्युत आपूर्ति निरंतर बनाए रखने हेतु तत्पर रहते हैं। उन्होंने लाइनमेंन के कठोर परिश्रम की सराहना की। उन्होंने लाइन कर्मचारियों को शपथ ग्रहण करवाया तथा सुरक्षा उपाय का कड़ाई से पालन करने हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम में योगेश तारम, सहायक अभियंता ग्रामीण, भारत सिन्हा सहायक अभियंता धमतरी जोन, वामन कुमार साहू सहायक अभियंता अर्जुनी उपसंभाग, तुषार सिन्हा सहायक अभियंता टीएसजी उप संभाग सहित कनिष्ठ अभियंता शेषनारायण देवांगन, विनय ठाकुर, राजेंद्र साहू पूर्णिमा ठाकुर, वैशाली गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लाइनमेन, संविदा कर्मी तथा एफओसी कर्मी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन सोहन धीवर निज सहायक व आभार प्रदर्शन वामन ने किया।

# शिक्षकों को बताया विद्यार्थियों में कैसे जगाएं विज्ञान और गणित के प्रति रुचि

- भिलाई में आयोजित शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के तीन शिक्षकों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर द्वारा राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई में हुआ। इसमें राज्य से कुल 50 शिक्षकों ने प्रशिक्षण लिया। धमतरी जिले से अनिल कुमार साहू, कृति साहू, होमेश्वर दास मानिकपुरी ने जिले का प्रतिनिधित्व किया। कार्यशाला में आईआईटी भिलाई के विषय विशेषज्ञों ने प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किकता, गणितीय कुशलता प्राप्ति हेतु नवीन प्रायोगिक शिक्षण विधियों को अपनाने प्रशिक्षित किया गया। संस्थान के सभी विभागों की प्रयोगशालाओं का भ्रमण करवाकर सभी विभाग के अत्याधुनिक उपकरणों एवं चल रहे शोध कार्यों से शिक्षकों को अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में आईआईटी के डॉयरेक्टर डॉ. राजीव प्रकाश तथा को-ऑर्डिनेटर के रूप में डॉ. महबूब आलम शामिल रहे। राज्य परियोजना कार्यालय के प्रतिनिधि के रूप में राजकुमार चाफेकर मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार बच्चों के सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में टेक्नॉलॉजी के महत्व को बढ़ावा देना है। प्राथमिक स्तर से ही बच्चों में विज्ञान तथा गणित के प्रति रुचि उत्पन्न करना और उन्हें हमारे आसपास या हमारे दैनिक जीवन में विज्ञान कैसे शामिल है, इसकी जानकारी देनी है। प्रशिक्षण में आईआईटी भिलाई के प्रोफेसरों ने भौतिकी, रसायन, जीवविज्ञान व गणित पर अपने विचार साझा किए। प्रशिक्षित शिक्षकों ने नई शिक्षा नीति 2020 अंतर्गत इस प्रशिक्षण को अत्यंत प्रभावी बताया। समग्र शिक्षा राज्य परियोजना कार्यालय के डॉ. एम. सुधीश असिस्टेंट डॉयरेक्टर, राजकुमार चाफेकर एपीसी समग्र शिक्षा रायपुर ने माना कि यह कार्यक्रम प्रदेश के बच्चों के लिए एक नई रोशनी लेकर आया है।

# पेंशनर्स एसोसिएशन में चल रहे विवाद का हुआ पटाक्षेप

- निर्वाचन प्रक्रिया हुई प्रारंभ, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 20 मार्च को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



पेंशनर्स एसोसिएशन में चल रहे विवाद का पटाक्षेप हुआ। पद की लड़ाई एवं समान्तर कार्यकारिणी का प्रकरण माननीय रजिस्ट्रार, फर्म्स एन्ड सोसयटी छग में वर्ष 2021 तक बाद में माननीय उच्च न्यायालय छग में 2024 तक लंबित रहा। रजिस्ट्रार के आदेश पर 3 फरवरी 2025 को प्रकरण का अंतिम निराकरण हुआ एवं रजिस्ट्रार के आदेशनुसार पेंशनर्स एसोसिएशन छग प्रदेश के सविधान के अनुसार निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई। प्रांतीय अध्यक्ष यशवंत देवान ने बताया कि रायपुर सहित जिला कबीरधाम, राजनांदगांव, धमतरी, महासमुंद, भाठापारा, बलौदाबाजार, खैरागढ़, मोहला चौकी, कांकेर कोड़ागांव, बालोद, दुर्ग के जिला एवं तहसील पदाधिकारी सहित पेंशनर्स बैठक में सम्मिलित हुए। कार्यकारिणी की बैठक में सदस्यों ने निर्णय लिया कि पेंशनर्स एसोसिएशन के संविधान के अनुसार सरक्षक संदस्य, आजीवन सदस्य वार्षिक सदस्य सहित जिला के 5 पदाधिकारी तहसील के 3 पदाधिकारी की प्रमणित सूची 11 मार्च को रायपुर के निर्वाचन कार्यालय में जमा करने की लिखित अधिसूचना जारी कर दी गई है। प्रदेश स्तर के लिए सेवानिवृत्त अपर कलेक्टर रायपुर को मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं मंत्रालय से सेवानिवृत्त अवर सचिव एवं सेवानिवृत्त संभागीय इजीनियर को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। अधिकारियों द्वारा परीक्षण के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 20 मार्च को होगा। प्रत्याशी द्वारा नामांकन जमा, नामांकन की जांच एवं अधिकृत प्रत्याशीयों की घोषणा होगी। एक से अधिक प्रत्याशी होने पर मतदान कराया जायेगा।

# माधवेन्द्र बने कलारतराई के उपसरपंच



**धमतरी।** ग्राम पंचायत कलारतराई में शनिवार को उपसरपंच के लिए निर्वाचन हुआ। निर्वाचन अधिकारी के रूप में एलके वट्टी ने निर्वाचन प्रक्रिया सुबह 11 बजे शुरू की। उपसरपंच के लिए दो अभ्यर्थियों ने फार्म लिया। माधवेंद्र साहू और रूपेश साहू के बीच चुनाव हुआ। रूपेश साहू को 8 मत और माधवेन्द्र को 9 मत मिले। जीत के बाद निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन प्रमाण-पत्र दिया। माधवेन्द्र ने सभी पंचों का आभार व्यक्त व्यक्त किया और मिलजुल कर गांव का विकास कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर सरपंच कुलदीप ध्रुव, रामकुमारी साहू, गया बाई ध्रुव, पुष्पा बाई सिन्हा, भोज बाई साहू, रामकुमारी, भीखम निर्मलकर, धनेश्वरी सिन्हा, डागेंद्र कुमार साहू, कुमारी बाई साहू, टोमिन, रवि प्रकाश सेन, कुंती साहू, सुशीला साहू, विष्णु साहू सहित पंचायत कर्मचारी उपस्थित थे।

# नर्सिंग कालेज में छात्रों ने महिला दिवस पर रंगोली एवं पोस्टर बनाए



**धमतरी।** रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ़ नर्सिंग एवं फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग लिमतरा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला दिवस की थीम नारी शक्ति से विकसित भारत पर विद्यार्थियों ने रंगोली एवं पोस्टर बनाए। वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ विद्यार्थियों ने महिलाओं के समान अधिकार, उनके अधिकारों की रक्षा और समाज में महिलाओं की स्थिति पर अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में ग्राम लिमतरा की नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती भुनेश्वरी साहू एवं महिला पुलिस धमतरी को कालेज में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया।

प्राचार्य संजय लाल ने कहा कि हमारे कॉलेज में यह प्रयास किया जा रहा है कि हम अपने छात्रों और समुदाय में महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाएं और उन्हें प्रेरित करें कि वे समाज में महिलाओं के समान अधिकारों के लिए काम करें। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल महिलाओं की शक्ति को पहचानना है, बल्कि समाज में समानता और सम्मान की दिशा में कदम बढ़ाना भी है। इस कार्यक्रम में समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# मधुबन मेला महोत्सव का समापन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



मधुबन मेला महोत्सव एवं श्री राममहायज्ञ का आज समापन होगा। यज्ञकर्ता, पण्डितों के मंत्रोच्चार के साथ पूर्णाहुति कर महोत्सव का समापन किया जायेगा। मधुबन मेला महोत्सव में नौ दिनों तक यज्ञ, हवन किया गया। पण्डितों ने धर्म, संस्कृति पर व्याख्यान दिया। यह धर्मप्रेमियों के लिए आस्था का केंन्द्र रहा।

मधुबन मेला महोत्सव एवं श्रीराम महायज्ञ समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरुद विधायक अजय चन्द्राकर होंगे। अध्यक्षता भाजपा मण्डल अध्यक्ष रोहित मोहन साहू करेंगे।

विशिष्ट अतिथि जिपं सदस्य मीना डेमू साह्हू, जनपद अध्यक्ष विरेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष खिलेश साहू, पूर्व जनपद सदस्य श्याम साहू, मेघा मंडल अध्यक्ष कल्याणसिंह राजपूत, रांकाडीह ग्राम विकास समिति अध्यक्ष शत्रुहन साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा, रांकाडीह सरपंच भोजराम साहू, श्रीराम महायज्ञ समिति संयोजक लक्ष्मीनारायण साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष ज्योति दिवाकर ठाकुर, श्रीराम महायज्ञ समिति अध्यक्ष अरुण कंवर होंगे।

बाजार, सार्वजनिक स्थानों में सुविधायुक्त टायलेट पर बोलीं महिलाएं

# महिलाओं के सम्मान के लिए पिंक टायलेट जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



पुष्पा शर्मा



मीना देवांगन

शहर में पिंक टायलेट तो दूर महिलाओं के लिए सामान्य टायलेट की भी सुविधा नहीं है। कहीं-कहीं पर टायलेट तो बने हैं लेकिन वहां जाने में महिलाओं और युवतियों को परेशानी होती है। न तो ये टायलेट साफ सुथरे हैं और न ही सुरक्षित। महिला दिवस पर चर्चा के दौरान महिलाओं ने शहर के मुख्य स्थानों में पिंक टायलेट स्थापित करने की आवाज उठाई। महिला दिवस पर पूरे जिले में महिलाओं के सम्मान पर कार्यक्रम आयोजित किए गए पर यह सिर्फ एक दिन का कार्यक्रम बनकर रह गया है। सालभर महिलाओं को बाजार, दुकान सहित अन्य स्थानों पर शर्मसार होना पड़ता है। इसका कारण शहर में महिलाओं के लिए ढंग का टायलेट नहीं होना है। शहर के प्रमुख स्थानों पर महिलाओं के लिए सुविधायुक्त टायलेट बनाने के लिए न तो प्रशासन की ओर से पहल की जा रही है और न ही किसी संस्था ने जिम्मेदारी उठाई है। चर्चा के दौरान श्रीमती पुष्पा शर्मा ने बताया कि इतवारी बाजार, गोलबाजार, मकई चौक, सदरबाजार सहित अन्य मुख्य स्थानों पर पिंक टायलेट की जरूरत है। शहर में एक भी स्थान पर महिलाओं के लिए सुविधायुक्त टायलेट नहीं है। कुछ स्थानों पर टायलेट जरूर बने हुए हैं लेकिन वहां पर पुरूष टायलेट के बगल में ये टालेट बनाए गए हैं। इस टायलेट में हद से ज्यादा गंदगी रहती है। पुरूषों का दिनभर आना-जाना लगा रहता है, जिसके चलते महिलाएं इन स्थानों पर जाना पसंद नहीं करती हैं। श्रीमती मीना देवांगन ने बताया कि दिनभर काम करने के लिए महिलाओं को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पिंक टायलेट में कई प्रकार की सुविधाएं होती हैं, जिससे इन समस्याओं का समाधान हो जाता है। पिंक टायलेट में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन की सुविधा होती है। शिशुवती महिलाओं के लिए पिंक टायलेट में बच्चों को रखने के लिए अलग से जगह भी होती है। यह टायलेट महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी बेहतर स्थान पर बनाया जाता है।

# बस स्टैण्ड के सामने ट्रांसफार्मर में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



बस स्टैण्ड के सामने विद्युत ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

गर्मी का सीजन शुरू हो रहा है। इसी के साथ घरों में पंखा, कूलर, फ्रिज व एसी का उपयोग शुरू हो गया है जिसके कारण विद्युत ट्रांसफार्मर में लोड बढ़ना शुरू हो गया। विद्युत खपत बढ़ने के कारण अक्सर ट्रांसफार्मर में आग लग जाती है। शनिवार को बस स्टैण्ड के सामने सड़क किनारे लगे विद्युत ट्रांसफार्मर में आग लग गई। शुरूआत में ट्रांसफार्मर से धुआं निकलना शुरू हुआ। आसपास के लोग कुछ समझ पाते इससे पहले ही अचानक ट्रांसफार्मर से आग की लपटें निकलने लगीं। धीरे-धीरे आग बढ़ती जा रही थी जिसे देख आसपास हड़कम्प मच गया। घटना की सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड को दी गई। दमकल की टीम फायर ब्रिगेड के वाहन के साथ तत्काल मौके पर पहुंची और विद्युत प्रवाह को बंद कराया।

# बनरौद में 74 नग कीमती चिरान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



वनपरिक्षेत्र केरेगांव अंतर्गत ग्राम बनरौद के एक घर में अवैध कीमती चिरान लकड़ी जब्त की गई है। मामले का वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बनरौद के एक घर से कीमती चिरान लकड़ी होने की सूचना मिली। वनमंडलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव ने जानकारी की पुष्टि करने और जांच के लिए उड़नदस्ता टीम का गठन किया। डीएफओ के मार्गदर्शन में संयुक्त वनमंडलाधिकारी मनोज विश्वकर्मा ने सर्च वारंट जारी कर वन अमले को बनरौद निवासी घनश्याम साहू के निवास पर तलाशी के लिए भेजा। 7 मार्च को तलाशी के दौरान घनश्याम साहू के घर से थीरहा, साजा, बीजा एवं अन्य प्रजाति के 74 नग चिरान 1.162 घनमीटर अवैध लकड़ी जब्त की और संबंधित के खिलाफ वन अपराध दर्ज किया गया। इस मौके पर धमतरी केरेगांव रेंजर सहित उड़नदस्ता दल के सदस्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### घरों में नहीं जले चूल्हे लोगों ने खाया बासी भात



**जगदलपुर।** महारानी वार्ड के बंगीय समाज मण्डप के समीप बरगद और पीपल वृक्ष के नीचे शनिवार को बंगाली समाज की महिलाओं ने परिवार की सुख शांति और समृद्धि के लिए शीतला माता की पूजा की। परंपरानुसार लोगों के घरों में आज चूल्हें नहीं जले सभी ने रात का बासी खाना पानी डालकर ग्रहण किया पूजा में पहुंची कल्पना ने बताया कि शीतला माता के पूजा के दिन आग से दूर रहते है। सभी ने घर में रात का बना हुआ खाना पानी डालकर खाया। बरगद और पीपल के पेड़ के नीचे सुबह से प्रसाद लेकर पहुंची महिलाओं ने पूजा की। फल फूल और अन्य प्रसाद माता को चढ़ाकर सभी ने ग्रहण किया। सुहागिन महिलाओं ने बुजुर्ग महिलाओं से आशीर्वाद लिया। बंगाली समाज के अध्यक्ष मनोरंजन राय ने बताया कि परिवार में सुख शांति और आनंद का वातावरण रहें हर तरह की सुख सुविधाएं सबके घरों में देवी की कृपा से आएं यही कामना करते हुए समाज की महिलाओं ने शीतला माता की पूजा की।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं ने उत्साह के साथ लिया हिस्सा

# मातृ शक्ति ने हर क्षेत्र में साबित की अपनी श्रेष्ठता : महेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हमारे देश में आदिकाल से माता की पूजा होती है, यही वजह है कि भारत के विकास में महिलाओं का अतुलनीय योगदान है। आज समाज के हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी काबिलियत और दृढ़ संकल्प से श्रेष्ठता साबित की है। चाहे विज्ञान हो, राजनीति, खेल, रक्षा या फिर व्यापार-हर क्षेत्र में मातृ शक्ति ने अपने परिश्रम और समर्पण से ऊंचाइयों को छुआ है। यह बात सांसद महेश कश्यप ने स्थानीय श्यामाप्रसाद मुखर्जी टाउन हॉल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कही। उन्होंने कहा आज देश की महिलाएं केवल घर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे अपने कौशल और मेहनत से समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वहीं राजनीति में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी भी एक महत्वपूर्ण संकेत है। हाल ही में हुए विधानसभा और लोकसभा, नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनावों में कई महिलाओं ने जीत दर्ज कर यह साबित कर दिया कि वे नेतृत्व करने में पूरी तरह सक्षम हैं। खेल जगत में भी हमारे महिला खिलाड़ियों ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

## महिलाएं केवल घर तक सीमित नहीं बल्कि समाज के विकास में निभा रही भूमिका

### मातृ शक्ति की भूमिका सर्वोपरि

कार्यक्रम में सांसद महेश कश्यप ने कहा उद्योग और व्यापार के क्षेत्र में भी महिलाएं नए-नए कीर्तिमान गढ़ रही हैं। स्टार्टअप्स और बड़ी कंपनियों में महिला उद्यमियों की भागीदारी लगातार बढ़ रही है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है। इन सभी उपलब्धियों के साथ मातृ शक्ति ने यह साबित कर दिया है कि वे किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं और समाज के विकास में उनकी भूमिका सर्वोपरि है। अब समय आ गया है कि उनके योगदान को और अधिक सराहा जाए और उन्हें आगे बढ़ने के लिए हरसंभव सहयोग दिया जाए।





### विकास में महिलाओं का योगदान

इस मौके पर विधायक किरण देव ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए समाज के उत्तरोत्तर विकास में महिलाओं के अमूल्य योगदान को रेखांकित किया। वहीं शासन द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में संचालित योजनाओं के बारे में अवगत कराया और इन योजनाओं से लाभान्वित होने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में स्वंयसेवी एवं समाजसेवी संगठनों से जुड़े महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए। वहीं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ मनीषा गोयल ने महिलाओं के व्यक्तिगत स्वच्छता तथा स्वास्थ्य सम्बन्धी परामर्श दी। उप पुलिस अधीक्षक गीतिका साहू ने साइबर अपराध से बचाव सम्बन्धी जानकारी देते हुए सोशल मीडिया के उपयोग में सतर्कता बरतने तथा ऑनलाइन शॉपिंग में सावधानी रखने की समझाइश दी। साथ ही महिलाओं को प्रदत्त संवैधानिक अधिकारों के बारे में अवगत कराते हुए आपातकालीन पुलिस सेवा के लिए अभिव्यक्ति एप का उपयोग किए जाने का आग्रह किया। इस दौरान मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के सर्जन डॉ प्रदीप पांडे ने कैंसर से बचाव के लिए आवश्यक सलाह देते हुए तम्बाकू एवं तम्बाकूयुक्त सामग्रियों का उपयोग नहीं करने सहित नशापान नहीं करने की समझाइश दी। बेटी जन्मोत्सव को समर्पित इस अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सेल्फी जोन में मां एवं बच्ची का आकर्षक सेल्फी लेने वाले माताओं को तत्काल छायाचित्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। वहीं विभिन्न क्षेत्रों में अहम भूमिका निभाने वाले महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न स्थानीय पोषक साग-सब्जियों तथा व्यजनों का स्टॉल प्रदर्शित कर पोषक माताओं एवं गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार तथा स्वच्छता एवं साफ-सफाई, स्वास्थ्य जांच एवं टीकाकरण इत्यादि की जानकारी दी गयी।

इस मौके पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित स्वंयसेवी एवं समाजसेवी संगठनों से जुड़े महिलाओं के अलावा स्व सहायता समूहों की दीदियों और हजारों की संख्या में मातृ शक्तियों ने उत्साह के साथ अपनी सहभागिता निभाई। अंत में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी हेमंत साहू ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस में सक्रिय सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया।



## महिलाओं को पौधे देकर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धरमपुरा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

- शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मना महिला दिवस

मनाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र में कार्य करने वाली मितानिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, एएनएम, स्टाफ नर्स, महिला चिकित्सक, शिक्षिकाएं एवं अन्य महिलाओं का पौधों के साथ सम्मान किया गया। इस मौके पर वार्ड की पार्षद श्रीमती पूनम सिन्हा एवं श्रीमती बसंती समरथ मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। संस्था प्रमुख डॉ. सुनील बेविन चाको, डॉ. लक्ष्मी देवी ने सर्वप्रथम महिला पार्षदों का स्वागत किया, उसके पश्चात महिला पार्षदों द्वारा भी उपस्थित मितानिनों का स्वागत किया गया। कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड की पार्षद श्रीमती सिन्हा ने कहा महिलाएं घर का कार्य तो करती ही है साथ-साथ महिलाओं को समाज कल्याण के कार्य में अधिक से अधिक भाग लेना चाहिए। उन्होंने उदाहरण देते हुए महिला डॉक्टर, स्टाफ नर्स और मितानिनों की तारीफ की और उनके कार्य को सराहा। उन्होंने कहा महिलाएं आज बहुत सशक्त हो चुकी है, महिलाओं को और अधिक सामाजिक, राजनीतिक और सेवा के कार्यों में भाग लेना चाहिए। इस मौके पर वार्ड पार्षद, संस्था के स्टाफ, सुपरवाइजर, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन के साथ-साथ अधिक संख्या में वार्ड की महिलाएं शामिल हुई।

## नारी को अपनी शक्ति खुद पहचाननी चाहिए : दीपिका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नारी को अपनी शक्ति को पहचाननी चाहिए सिर्फ शहर की ही नहीं बल्कि ग्रामीण अंचल में रहने वाली महिलाओं का भी वास्तविक विकास होना चाहिए। साथ ही घरो में, बच्चों में ऐसे संस्कार विकसित किये जाएं कि नई पीढ़ी महिलाओं का सम्मान करें। राज्य महिला आयोग की सदस्य दीपिका शोरी ने अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस पर अपने उद्बोधन में यह बात कही। इस मौके पर शासकीय जे योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ तपेश चन्द्र गुप्ता ने महिलाओं के हितो के संरक्षण की बात कही। संचालन डॉ सुभद्रा राठौर एवं आभार डॉ ज्योत्सना शर्मा ने माना। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महाविद्यालय के शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहें।

- महिला दिवस पर मुख्य वक्ता ने महिलाओं से किया आव्हान

## महिला के बिना समाज की कल्पना नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सुषमा विंग्स ऑफ कैंसर सपोर्ट सोसायटी के द्वारा आयोजित नारी इन साड़ी वॉकेथॉन की प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा

- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष
- महिलाओं ने मुद्रा डांस व जुंबा डांस किया प्रस्तुत

प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सांसद महेश कश्यप, महापौर संजय पाण्डे, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, पार्षद निर्मल पाणिग्राही, लक्ष्मण झा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां दंतेश्वरी के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलन कर किया गया। तत्पश्चात महिलाओं ने मुद्रा डांस व जुंबा डांस मंच से प्रस्तुत किया। वॉकेथॉन स्पर्धा को 2 वर्गों में बांटा गया था। जिसमें 3 किलोमीटर की वॉकेथॉन में 500 से अधिक प्रतिभागी सम्मिलित हुईं। विधायक, सांसद, महापौर सहित सभी अतिथियों ने झंडा दिखाकर इसका शुभारंभ किया। वॉकेथॉन प्रतियोगिता में ग्रुप ए से कुसुम को प्रथम पुरस्कार 9 हजार नगद राशि से पुरस्कृत किया गया। द्वितीय पुरस्कार 7 हजार उर्मिला मौर्य व तृतीय पुरस्कार 5 हजार सफल प्रतिभागी सुरेखा को दिया गया। वहीं बी ग्रुप से प्रथम पुरस्कार अमरवती मंडावी, द्वितीय पुरस्कार सीमा आचार्य, तृतीय पुरस्कार शिलेन्द्री को दिया गया। इसके साथ ही अन्य सांत्वना पुरस्कार में इलावती, सोनू चांडक, रचना जैन, रेखा मोदी, रश्मि बत्रा, सरिता पाण्डे ने बाजी मारी।





किरण देव ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी मातृशक्ति माता एवं बहनों को बधाई देते कहा मातृशक्ति आज समर्पण और जज्बे के साथ सेवा के नये प्रतिमान गढ़ रहे हैं। देश की ताकत एवं समाज की शक्ति मातृशक्ति है। आज हमारी माताएं और बहनें धर परिवार, खेल, व्यापार, शिक्षा, अंतरिक्ष एवं हर क्षेत्र में पूरी लगन और मेहनत से सफलता के शिखर तक पहुंची है। महेश कश्यप और संजय पांडे ने भी महिला शक्ति पर अपना विचार रखे। दोनों नेताओं ने कहा मातृ शक्तियों वंदन अभिनंदन कर कहा कि नारी से ही परिवार, समाज चलता है। नारी के बिना बड़े से बड़े काम अधूरा है।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में सूषमा विंग्स के अध्यक्ष शशि गुप्ता सचिव सुनीता बोथरा, जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल, सीएमएचओ डॉ संजय बसाक, सिविल सर्जन डॉ संजय प्रसाद, डॉ आरबीपी गुप्ता, डॉ प्रदीप पाण्डे, डॉ सरिता थॉमस, डॉ उषा शुक्ला, श्रीपाल जैन, वीनू हिरवानी, मकसूद्दा हुसैन, करमजीत कौर, वंदना बख्शी, विमल बोथरा, सोनल बत्रा, सोनिया, नीला पांडे, प्राचीन बत्रा, नैनासिंह धाकड, विवेक सोनी, अन्नू शर्मा, रीना कोटक, सुनीता पॉल, विवेक जैन, अनिल लुक्कड़ सहित समिति के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## सखी क्लब, एनएसएल ने नैना संग मनाया महिला दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

एनएमडीसी स्टील लिमिटेड के सखी क्लब ने धनपुंजी स्थित एनएमडीसी टाउनशिप में आयोजित एक रंगारंग समारोह में बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। समारोह की

- समारोह में नैना को शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित

अध्यक्षता एम सुजाता, अध्यक्ष, सखी क्लब ने की। वे एनएमडीसी स्टील प्लांट, नगरनार के कार्यकारी निदेशक और एनएसएल स्टील प्लांट के प्रमुख, एमएनवीएस प्रभाकर की धर्मपत्नी हैं।



हर साल अनुकरणीय महिला उपलब्धि हासिल करने वालों को सम्मानित करने की अपनी परंपरा को बनाए रखते हुए, एनएसएल के सखी क्लब ने सुश्री नैना सिंह धाकड़ को सम्मानित किया। ज्ञात हो के बस्तर की बेटी को एक युवा पर्वतारोही के रूप में उभर कर आने में और माउंट एवेरेस्ट पर पहुंचने में एनएमडीसी की भी भूमिका रही है।

श्रीमती सुजाता ने नैना का स्वागत करते हुए उन्हें सभी महिलाओं के लिए एक प्रेरणा दायक मिसाल बताया। उन्होंने ने कहा कि नैना का जीवन यह सिखाता है के यदि हमारी इरादे मजबूत हों तो कोई भी बाधा हमें हमारे लक्ष्य से दूर नहीं कर सकती। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हमें अपने आप को यह याद दिलाने का अवसर है कि हम एक संपूर्ण व्यक्तित्व है जिन में असीम शक्ति और क्षमता है। उन्होंने कहा की हमें अपनी पहचान को और मजबूत बनाते हुए अपने परिवार और समाज के उत्थान में योगदान देते हुए राष्ट्र के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है।

नैना ने सखियों संग अपने सफर की कठिनाइयों को साझा किया। उन्होंने स्मरण किया उस वक़्त का जब वह माउंट एवेरेस्ट फ़तेह करने चली थीं। नैना ने बताया, तब कई लोगों ने कहा 'यह लड़की है, यह एवेरेस्ट नहीं चढ़ पाएगी', लेकिन हिम्मत और लगन से मैंने केवल दस दिन में एवेरेस्ट की चोटी पर कदम रखा और जिसकी कल्पना भी करना मुश्किल था, मैंने महामहिम राष्ट्रपति से सम्मान पाया। नैना ने सखी क्लब की सखियों से अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों को अपने सपने पूरे करने की आजादी दें और साथ साथ अपने शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ का ख्याल रखें। सखी क्लब, एनएसएल की सखियों ने मिलजुलकर कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर अंतर्राष्ट्रिय महिला दिवस को और भी अस्मरणीय बनाया।

## सशक्त बनने छात्राओं की दी प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हायर सेकेण्डरी स्कूल भगत सिंह में महिला दिवस सोउल्लास मनाया गया। सर्व प्रथम भारत माता के तस्वीर पर माल्यार्पण कर महिला दिवस की शुरआत की गई। प्राचार्य

- भगतसिंह स्कूल में सोउल्लास मनाया गया महिला दिवस

विनीता बेंजामीन ने महान भारतीय नारी के इतिहास से उनसे प्रेरणा ले सदैव आगे बढ़ सशक्त बनने को छात्राओं की प्रेरणा दी। व्यख्याता अनिल शुक्ला ने प्राचीन भारतीय नारी एवं उनके त्याग महत्व की जानकारी दी। गार्गी मैत्री अनुसूईया, सीता, दौपदी की जानकारी दी एवं नारी सशक्तिकरण पर प्रेरणादायक काव्य पाठ किया। व्यख्याता हेमा चिव्हाने ने आज की नारी को कमजोर समझने की भूल न करने को कहा। अंजू रावटे ने नारी महानता के जोशीले गीत गाए। इस अवसर पर व्यक्याता रोशनी सिंधे ने आधुनिक नारी एवं उनके देश के लिये किये गए सराहनीय कार्य पर प्रकाश डाला। सभा के अंत में व्यख्याता चंद्रप्रकाश, सतपाल शर्मा, किरण चौहान, अभिराम पटेल अनिल शुक्ल द्वारा सभी महिलाओं को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नीतू शर्मा, गीता मूर्ति योजना देवांगन खिलेदरी कश्यप, पदमा यादव मंथरा पाल शिव कुमारी आदि उपस्थित थी तु फूल नहीं चिंगारी है तु भारतीय नारी है नारों के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।



## नगर सरकार का शपथ ग्रहण अध्यक्ष समेत पार्षदों ने ली शपथ



**गीदम।** जिले की व्यावसायिक नगरी गीदम के नव निर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। नगर के पुराने बस स्टैंड में हुए समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष रजनीश सुराना ने पद व निष्ठा की शपथ ली।

इसके बाद पार्षदों को सामूहिक रूप से शपथ दिलाई गई। एसडीएम विवेक चंद्रा ने शपथ दिलाई। इस मौके पर विधायक चैतराम अटामी, पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा, जिलाध्यक्ष भाजपा संतोष गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीष सुराना, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अभिलाष तिवारी, नवीन विश्वकर्मा, पर्यटन मंडल के पूर्व उपाध्यक्ष विजय तिवारी, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ममता गुप्ता, ग्राम पंचायत हारम एक की सरपंच प्रमिला सुराना उपस्थित रहे। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना ने अपने अध्यक्षीय भाषण में लोगों की मूलभूत सुविधाओं को पूरा करते हुए नगर के सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

## महिला अभिकर्ताओं को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में मैत्री संघ गली स्थित उप डाकघर सदर बाजार में महिला अभिकर्ताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सदर बाजार उप डाकघर में बहुत ही सादगी से सब पोस्ट मास्टर ने इस कार्यक्रम को आयोजित किया। महिला अभिकर्ताओं ने भी नारी की व्याख्या अपने अपने शब्दों में की। रेखा पाण्डे ने कहा आज की महिलाएं पहले से ज्यादा सशक्त हुई है। नारी ने अपने अंदर छिपी प्रतिभा को पहचान लिया है। 8 मार्च का दिन महिलाओं के अधिकार और सम्मान का दिन है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना लागू की है। इस योजना को आज एक वर्ष पूर्ण हो गए हैं। योजना के तहत प्रत्येक महिलाओं को हर माह एक हजार रुपये की राशि उनके खाते में स्थानांतरण की जाती है। आज 13 वीं किस्त की राशि जारी की गई है। इस योजना से महिलाएं और भी अधिक सशक्त हुई हैं। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए परामर्श केंद्र भी खोले गए हैं।

## नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्यों ने ली शपथ

**भोपालपटनम।** जनपद पंचायत भोपालपटनम में निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सभी जनपद सदस्यों ने आज जनपद पंचायत भोपालपटनम के भद्रकाली सभागार में शपथ ली। जनपद अध्यक्ष सरिता कुडेम उपाध्यक्ष नीलम गणपत के साथ सभी सदस्यों को मुख्य कार्य पालन अधिकारी दिलीप उइके ने शपथ दिलाई। धुर नक्सल प्रभावित भोपालपटनम में सफलतापूर्वक मतदान हुआ और कई अंदरूनी गांव में दहशत से हटकर मतदान हुए। इस पंचायत चुनाव में नक्सल प्रभावित इलाके के लोग इस महापर्व में बढ़कर हिस्सा लिए और मतदान का प्रतिशत भी बढ़ा है। आज के शपथ ग्रहण समारोह में सभी सदस्यों ने उत्साह पूर्वक शपथ ली। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष घासीराम नाग पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार, उगेंद्र वासम, लंकल रामचंदरम, निर्मला आत्रम, बिलाल खान, गिरजा शंकर तामडी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।



HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### रसोइया व शिक्षिकाओं का किया गया सम्मान

**दुर्गूकोंदल।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत संकुल कोंडे के शिक्षिकाओं व महिला रसोईया का संकुल प्राचार्य बाबूलाल कोमरा, योगेश कुमार मरकाम के द्वारा सम्मान कर उपहार दिया गया। इस अवसर पर न्यौता भोज का भी आयोजन कराया गया।

### बरगांव शाला में 5वीं के बच्चों को दी गई विदाई



**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के ग्राम हाटकोंदल के प्राथमिक शाला बरगांव में कक्षा 5 वीं के बच्चों को विदाई दी गई। कक्षा 5 वीं के सभी बच्चों को नवनिर्वाचित सरपंच हरिषा मंण्डावी के द्वारा कॉपी व पेन देकर विदाई दिया गया। इस दौरान सहायक शिक्षिका मनबस पांडू, पांच नरेश रावटे यशोदा, संतु राम पांडे, संजय संतोष, ग्राम पटेल दुरसाय मंण्डावी, कार्तिक राम रावटे व अन्य ग्रामवासी भी उपस्थित रहे।

### महिला कर्मचारियों का किया गया सम्मान



**दुर्गुकोंदल।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर खंड शिक्षा कार्यालय में महिलाओं का सम्मान किया किया। मुख्य अतिथि सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी ने अपने कहा कि खंड शिक्षा कार्यालय के द्वारा हमें जो सम्मान मिला है वह अविस्मरणीय है, क्योंकि सभी प्राचार्य एवं कार्यालय के सभी कर्मचारियों के द्वारा हमें जो सम्मान दिया है वह हमारे लिए सरप्राइज है। आयोजित कार्यक्रम में कार्यालय के महिला कर्मचारी यशोदा नेताम, लिलेश्वरी कांगे, संगीता गौतम, सविता सेन, उर्मिला पुड़ो का भी सम्मान किया गया।

### गुड़फेल का दो दिवसीय वार्षिक मेला आज से

**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत दमकसा के आश्रित ग्राम गुड़फेल का दो दिवसीय वार्षिक मेला आज 9 मार्च से आयोजित किया जाएगा। मेले में गोटुलमुंडा, हिलचुर, सिलपट, कुमुडकट्टा, नागहूर व रसोली अन्य गांव के लोग सम्मिलित होंगे एवं रात्रि में लोककला मंच कारी नैना नारायणपुर की प्रस्तुति किया जाएगा।

## शिविर : स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाने वाला आयोजन

# निःशुल्क आयुर्वेदिक परामर्श शिविर का महिलाओं ने लिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कांकेर





स्वास्थ्य किसी भी व्यक्ति के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण पहलू होता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए श्री श्रेयन आयुर्वेद पंचकर्म वेलनेस सेंटर के द्वारा निःशुल्क आयुर्वेदिक परामर्श शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और लाभ उठाया। इस शिविर में एमडी आयुर्वेद डॉ. पल्लवी क्षीरसागर एवं उनकी अनुभवी आयुर्वेदिक चिकित्सकों की टीम ने विभिन्न रोगों का निदान कर उचित उपचार और परामर्श प्रदान किया। प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाला कदम बताया। कांकेर के न्यू कम्युनिटी हाल में 7 मार्च को आयोजित आयुर्वेद शिविर को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और आयुर्वेदिक उपचार व परामर्श का लाभ उठाया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने विभिन्न रोगों के लिए प्राकृतिक व औषधीय उपाय बताए, जिससे लोगों में आयुर्वेद के प्रति विश्वास और बढ़ा। यह शिविर उन लोगों के लिए विशेष रूप से लाभकारी साबित हुआ, जो महंगे इलाज का खर्च नहीं उठा सकते थे। शिविर में मरीजों की विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं की जांच की गई जैसे कि जोड़ों का दर्द, पाचन संबंधी समस्याएं, त्वचा रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप आदि। विशेषज्ञों ने जाँच करके निःशुल्क औषधियां दीं और उचित खान-पान व जीवनशैली से जुड़ी सलाह भी दी। कई लोगों को पंचकर्म और योग चिकित्सा के बारे में जानकारी दी गई, जिससे वे अपनी समस्याओं का दीर्घकालिक समाधान प्राप्त कर सकें।

### सकारात्मक प्रतिक्रिया और भविष्य की योजनाएं

शिविर में आए लोगों ने इसे एक बेहतरीन पहल बताते हुए आयोजकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक चिकित्सा के प्रति उनकी जागरूकता बढ़ी है और वे अब प्राकृतिक उपायों को अधिक अपनाएंगे। आयोजकों ने भी इसे एक सफल प्रयास बताते हुए आश्वासन दिया कि भविष्य में भी ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक इस पारंपरिक चिकित्सा का लाभ पहुंच सके। इस प्रकार यह निःशुल्क आयुर्वेद शिविर न केवल लोगों के स्वास्थ्य लाभ का जरिया बना, बल्कि उनके अंदर एक नई ऊर्जा और सकारात्मकता भी भरने में सफल रहा।

### महिलाओं में माइग्रेन व जोड़ो का दर्द ज्यादा

श्री श्रेयन आयुर्वेद पंचकर्म वेलनेस सेंटर की डॉक्टर पल्लवी क्षीरसागर ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि कांकेर में आयोजित में आने वाली अधिकतम महिलाएं मरीज ज्यादा थी, उनकी बीमारियों का आंकलन किया गया। कांकेर में शिविर में आने वाली महिलाओं में अधिकतम अस्थि रोग, संधिगत जोड़ो के दर्द, माईग्रेन, महावरी की समस्या, पीसीओडी, बंध्यत्व, केशपतन, थाईरॉड, चर्मरोग से पीड़ित ज्यादा मिले। इसके अलावा बच्चो के लिए मेमरी बढ़ाने के लिए, प्रतिकार शक्ति के लिए, स्वर्णप्राशन डोसेज दिए गए। बच्चो में मानसिक बीमारी, कृमि, शय्यामूत्र, हाईट न बढ़ना, सर्दी खासी के कारण ज्यादा दिखे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शिक्षिकाओं के लिए हुए भाषण खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶। कांकेर

पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल में 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्राचार्य रश्मि रजक ने कहा कि महिला आर्थिक, सामाजिक, राजनीति, सांस्कृतिक, खेल एवं हर क्षेत्र में उपलब्धि हासिल कर परचम लहरा रही है। महिलाओं व उनकी उपलब्धियों के प्रति सम्मान प्रकट कर उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए और साथ ही समाज में उनके प्रति व्याप्त भेदभाव मिटाकर समानता का दर्जा दिया जाना चाहिए और समाज में स्त्री और पुरूष समानता होना चाहिए।

आयोजित कार्यक्रम में शिक्षिका प्रीति झा ने कहा नारी अबला या बेचारी नहीं है। नारी एक शक्ति है, नारी मां के रूप में मां सरस्वती, मां काली एवं मां दुर्गा है। भगवान ब्रम्हा द्वारा सृष्टि की रचना के पश्चात इस भूतल पर मानव को अवतरित करने वाली, नारी का स्थान सर्वोपरि है। शिक्षिका रचना शर्मा ने कहा कि एक नारी का सम्मान आज के ही दिन नहीं बल्कि प्रतिदिन उसकी मान और सम्मान देना चाहिए, नारी मां, बहन, पुत्री एवं पत्नी के रूपों में रहती है मानव का समाज से संबंध स्थापित करने वाली नारी होती है। शिक्षिका भारती सेठिया ने अपने बात रखते हुए कहा कि समाज में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, परिवारों की रीढ़ हैं और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। इस अवसर पर शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के बचपन के फोटों दिखाकर पहचान कराना, गेम्स तथा डांस कर आज के दिन को और विशेष बनाया।

इस महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम को संपन्न कराने में उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगुरी, एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान, कोआर्डिनेटर पूनम जीत कौर, पवित्र बराई, रूबी खान, वर्षा रामानी, मेघा सेवा, शबाना परवीन, एस मर्सी, तीरथ साहू, अवतार सिंह, कृष्णापद कुंभकार, भारती सेठिया, प्रतीक सिह, संगीता भारती, जीतूदास माण्डले, सरिता मिश्रा, सुचिस्मिता खान, इतिश्री गोलुगुरी आदि शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## जैसाकर्रा उपसरपंच पद पर महेंद्र की जीत विरोधी को मिला 2 वोट



हरिभूमि न्यूज ▶▶। चारामा

चारामा के ग्राम पंचायत जैसाकर्रा में उपसरपंच पद के लिए चुनाव आयोजित हुआ, जिसमें महेंद्र नायक ने भारी मतों से जीत दर्ज की] उन्हें 19 वोट मिले, जबकि उनके विरोधी को केवल 2 वोट ही प्राप्त हुए। इस शानदार जीत के बाद महेंद्र ने कहा कि वे गांव के विकास के लिए पूरी ईमानदारी से काम करेंगे। उपसरपंच बनने के बाद महेंद्र नायक का गांव में ढोल-नगाड़ों के साथ समर्थकों ने उन्हें फूल-मालाओं से स्वागत किया। एनएसयूआई से जुड़े महेंद्र नायक ने छात्र हितों के लिए काम कर चुके हैं। छात्र संगठन में रहते हुए उन्होंने कई छात्रों की मदद की और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष किया। अब उपसरपंच के रूप में वे ग्राम पंचायत के विकास के लिए कार्य करेंगे। ग्राम पंचायत में हुए इस चुनाव में महेंद्र नायक ने 19 वोट हासिल किए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी को सिर्फ 2 वोट मिले। उनकी इस जीत के बाद समर्थकों में भारी उत्साह देखा गया।

नायक वार्ड क्रमांक 13 के पंच भी है। जीत के बाद महेंद्र नायक ने कहा यह जीत मेरे लिए नहीं, बल्कि पूरे गांव के लोगों की है। मैं हर व्यक्ति के विकास और पंचायत की तरक्की के लिए पूरी मेहनत करूंगा। गांव की सड़क, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कदम उठाए जाएंगे। महेंद्र की जीत से गांव वालों को उम्मीद है कि अब पंचायत में विकास कार्य तेजी से होंगे। खासकर युवा वर्ग को उनसे काफी उम्मीदें हैं क्योंकि वे पहले भी छात्रों और युवाओं के लिए काम कर चुके हैं।

## सोमेश्वर का इंटरनेशनल भाषण स्पर्धा में चयन



**रायपुर/कांकेर।** सोमेश्वर प्रसाद गंजीर ने भारतीय विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित 38वें राष्ट्रीय अंतर-विश्वविद्यालयीय युवा उत्सव में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। एमिटी यूनिवर्सिटी, उत्तर प्रदेश, नोएडा में संपन्न हुए युवा उत्सव में गंजीर ने छत्तीसगढ़ के पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। कांकेर जिले के ग्राम पुसवाड़ा के सोमेश्वर ने 'भारत में उद्यमिता और स्टार्टअप की संस्कृति का उदय-एक नई आर्थिक क्रांति' विषय पर अपनी वक्तव्य रखा। उक्त सफलता के पश्चात सोमेश्वर अब इंटरनेशनल भाषण प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। गंजीर की यह सफलता न केवल उनकी व्यक्तिगत योग्यता का प्रमाण है, बल्कि यह उपलब्धि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए भी गर्व की बात है।

### नया ट्रांसफॉर्मर लगाने बंद रही बिजली

**जगदलपुर।** विद्युत कंपनी जगदलपुर जोन में शनिवार को सर्किट रोड में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया और पॉवर हाउस उपकेन्द्र में खराब वीसीबी मशीन निकला गया। इसके चलते दोपहर में डेढ़ घंटे बिजली बंद रही, जिससे उपभोक्ता परेशान रहे। वहीं दूसरी ओर इस कार्य में जोन के लगभग 20 विद्युत कर्मचारी सहायक अभियंता निरंजन सिंह कंवर एवं कनिष्ठ अभियंता डीसी मांझी के नेतृत्व में जुटे रहे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं की उपलब्धियों को सराहा एवं किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶। कांकेर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एंबीशन इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन के द्वारा महिलाओं की उपलब्धियों को सराहा गया और उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं का अभिनंदन किया गया। संस्थान ने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित करते हुए उनका हौसला बढ़ाया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर संस्थान के द्वारा साक्षी मांडवी एवं कुमारी प्रीति रावत को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। संस्थान के निदेशक ने महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं और उनके बिना विकास अधूरा है। उन्होंने आगे कहा कि एंबीशन इंस्टीट्यूट महिलाओं के सशक्तिकरण और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं और स्टाफ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और महिलाओं की उपलब्धियों का उत्सव मनाया। पूरे कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की भूमिका और उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

## कृष्णा का चावड़ी उपसरपंच पद पर हुआ निर्विरोध निर्वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। चारामा



ग्रामीण विकास और एकता की मिसाल पेश करते हुए ग्राम पंचायत चावड़ी में उप सरपंच चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। ग्रामवासियों ने आदर्श ग्राम की भावना को साकार करते हुए बिना किसी मतभेद के कृष्णा नायक को उप सरपंच के पद पर निर्विरोध चुन गया। ग्राम चावड़ी हमेशा से अपने सामूहिक निर्णय और आपसी भाई चारें के लिए जाना जाता है। यहां का समाज हर फैसले को मिल-जुलकर करता है, जिससे विकास कार्यों में कोई बाधा नहीं आती। उप सरपंच के चुनाव में भी यह भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली, जब बिना किसी विवाद के सर्वसम्मति उप सरपंच चुना गया। उप सरपंच चुने जाने के बाद ग्रामवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। लोगों ने उन्हें फूल-मालाओं से स्वागत किया और एक दूसरे को गुलाल लगाकर गाजे बाजे के साथ जीत का जश्न मनाया। इस मौके पर पूर्व सरपंच को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए ग्रामवासियों ने उन्हें फूल-मालाओं से सम्मानित किया और उनके योगदान को याद किया। उप सरपंच के रूप में शपथ लेने के बाद उप सरपंच ने कहा कि वे गांव के विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। वादा किया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे मैं पूरी ईमानदारी से निभाऊंगा। गांव की प्रगति और समृद्धि के लिए हर संभव प्रयास किया करूंगा।

## संकुल प्राचार्य ने वार्षिक परीक्षा और कई विषयों पर की चर्चा



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला केंद्रीयकृत परीक्षा 2025 संचालन के लिए संकुल प्राचार्य ने बैठक लिया और विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा किया। आयोजित बैठक में 5 वीं व 8 वीं परीक्षा पर विस्तारित रूप से चर्चा किया गया। शाला अनुदान की राशि का आहरण समय सीमा में 15 मार्च तक पूर्ण करने, ऐप के माध्यम से दर्ज संख्या का इंट्री करना, शाला की लिपाई, पोताई एवं प्रिंट रिच का निर्माण कराना, सभी शिक्षक अपने-अपने सुझाव गूगल लिंक के माध्यम से भरना, आपर आईडी में छूटे हुए बच्चों को पूर्ण करना, राज्य जिला द्वारा प्राप्त पुस्तकों में प्रधान पाठक का सील लगा होना चाहिए कम से कम 50 पन्नों पर, केंद्रीकृत नामिनल रोल नंबर में त्रुटि सुधार करवाना, शिक्षकों की शाला में समय पर उपस्थित पर चर्चा, बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता सुधार पर चर्चा, पांचवी व आठवीं परीक्षा में सभी बच्चों को अनिवार्य रूप से बैठना कोई बच्चा अनुपस्थित ना रहे इसके लिए चर्चा किया गया, पांचवी एवं आठवीं परीक्षा का मूल्यांकन पर चर्चा किया गया।

इस अवसर पर संकुल प्राचार्य बीआर दुग्गा, संकुल समन्वयक बृजभूषण आर्य, एनएस कोवाची, कार्तिक राम दुग्गा, श्याम कुमार कचलाम, शिव कुमार टेकाम, गोविंद राम देहारी, बेदीलाल केमरो, राम सुरोजिया, चेतक कुमार गोटी, उषा प्रजापति, सुमन नुरेटी, गौरी खड़हे व अन्य उपस्थित रहें।

## ग्राम धनोरा के उपसरपंच पद पर मुकेश की जीत



**दुधावा।** विकासखण्ड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत धनोरा में उप सरपंच का चुनाव 8 मार्च को हुआ। चुनाव में पंचों ने वोट डालकर ग्राम पंचायत धनोरा के लिए मुकेश राय को उप सरपंच के लिए चुना। मुकेश राय लगातार चौथी बार ग्राम पंचायत धनोरा के उप सरपंच चुनें गए। उपसरपंच पद के लिए दो नामांकन दाखिल किया गया, जिसमें उप सरपंच पद की दावेदारी के लिए मुकेश राय एवं राकेश भास्कर के नामांकन जमा किया गया। ग्राम पंचायत धनोरा में 14 पंच, सरपंच ने मिलकर वोट दिए गए, जिसमें मुकेश राय को 10 वोट मिले और राकेश भास्कर को 5 वोट मिले। नव निर्वाचित उप सरपंच को ग्रामीणो ने अबीर गुलाल व फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया।

### होली में बच्चों को लुभा रही इलेक्ट्रॉनिक गन पिचकारी

**जगदलपुर।** शहर के गोलबाजार एवं संजय बाजार चौक में होली की दुकानें सज गई हैं, बाजार में रंग, गुलाल और पिचकारी की भरमार है। इस बार इलेक्ट्रॉनिक गन पिचकारी बच्चों को आकर्षित कर रहीं है। बैटरी से चलने वाली यह पिचकारी एक हजार रुपए से लेकर पांच हजार रुपए तक में मिल रही है। शहर में इसे पहली बार लाया गया है, इसके अलावा कई तरह के रंग और पिचकारी से बाजार पट गया है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमवी, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज







